# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका




अंक-18 राजभवन, उत्तर प्रदेश

नवम्बर, दिसम्बर-2024 एवं जनवरी-2025













राजभवन में आयोजित राज्यों के स्थापना दिवस समारोह की झलकियां

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका




## प्रेरणा स्रोत



**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
**मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश**

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | मा. उपराष्ट्रपति जी एवं मा. प्रधानमंत्री जी के प्रदेश के कार्यक्रम | 1—8 |
| 2. | राजभवन के कार्यक्रम | 9—60 |
| 3. | जनपदीय कार्यक्रम | 61—86 |
| 4. | राज्य विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह एवं विभिन्न गतिविधियाँ | 97—91 |
| 5. | नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों की समीक्षा | 92 |
| 6. | नैक में उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त विश्वविद्यालयों का सम्मान | 93—94 |
| 7. | उच्च ग्रेडिंग/रैंकिंग प्राप्त विश्वविद्यालय | 95—97 |
| 8. | राज्य भ्रमण | 98—102 |
| 9. | विद्यार्थियों का राजभवन भ्रमण | 103—106 |
| 10. | इन्द्रधनुष | 107 |
| 11. | फोटो गैलरी | 108—110 |
| 12. | समाचार पत्रों में राजभवन | 111—114 |


"भारत सदियों से ज्ञान और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय इसके उदाहरण हैं, जिन्होंने न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता का मानक स्थापित किया, बल्कि मानवता के विकास में भी योगदान दिया। यह हमें प्रेरित करता है कि अगर हम आज भी उसी प्रतिबद्धता और सोच के साथ शिक्षा को बढ़ावा दें, तो हम फिर से विश्व में एक प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं।"

**– श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

राजभवन उमंग त्रैमासिक पत्रिका का 18वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस अंक को माननीय राज्यपाल जी के प्रेरणा और मार्गदर्शन में संपन्न विभिन्न कार्यक्रमों, जनपदीय भ्रमण, नियमित समीक्षा बैठकों, सामाजिक गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के साथ प्रस्तुत किया गया है। इन कार्यक्रमों ने राजभवन के कार्यकलापों को नई दिशा दी है।

राजभवन में आयोजित विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस समारोह ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार किया है। संविधान दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों ने देश की गरिमा को और भी बढ़ाया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस बार 'मूट कोर्ट प्रस्तुतिकरण' के माध्यम से संविधान के मूल कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों और अन्य विषयों पर आयोजित चर्चा अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही।

राजभवन की झाँकी और राजभवन बैंड का गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधानसभा मार्ग पर किए गए प्रदर्शन ने एक अलग ही दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प और राजभवन में चल रहे नवनिर्माण कार्यों में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं बच्चों का खेल महोत्सव और लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित डिजाइन कार्यशाला जैसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

राज्यपाल महोदया का मीडिया से संवाद कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण था, जिसमें राजभवन की कार्यप्रणाली और विकास से संबंधित जानकारी साझा की गई। प्रदेश की उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की निरंतर वृद्धि हेतु आयोजित बैठकों ने भी इस अंक को और महत्वपूर्ण बना दिया है।

परंपरागत खेल प्रतियोगिताओं, चांसलर कप इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों ने इस अंक को विविधतापूर्ण और सार्थक बनाया है। विद्यार्थियों का राजभवन भ्रमण, उत्साह और भागीदारी विशेष रूप से प्रेरणादायक रही।

हमें आशा है कि यह अंक पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित होगा और इसके माध्यम से हम अपने समृद्ध सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन को और भी बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

अपेक्षा करता हूं कि पूर्व के अंकों की भांति यह 18वां अंक भी पाठकों के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं प्रेरणादायक साबित होगा। आभारी हूँ सूचना अधिकारी, राजभवन श्री कृष्ण कुमार एवं उनकी टीम का, जिनके सहयोग एवं प्रयासों से पत्रिका को वर्तमान सारगर्भित स्वरूप दिया जा सका है।

**शुभकामनाओं सहित**

**डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे**
**अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल**
**प्रधान सम्पादक**

## माननीय उपराष्ट्रपति जी का प्रदेश आगमन

**वाराणसी : 15 नवम्बर, 2024**



वाराणसी हवाई अड्डे पर माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी एवं उनकी धर्मपत्नी जी का स्वागत करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं अन्य।

## नमो घाट' का लोकार्पण तथा 'देव दीपावली समारोह' का शुभारम्भ

❖ देश के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी द्वारा वाराणसी में 'नमो घाट' का लोकार्पण तथा 'देव दीपावली समारोह' का शुभारम्भ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं अन्य गणमान्य की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।




वाराणसी में 'नमो घाट' के लोकार्पण समारोह में माननीय उपराष्ट्रपति महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट करते माननीय मुख्यमंत्री जी।

# सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, कानपुर का स्वर्ण जयंती समारोह

**कानपुर: 01 दिसम्बर, 2024**

❖ देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में प्रतिभाग किया।

माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी व राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में मेधावी छात्र को सम्मानित करते हुए।




"शिक्षा जीवन को बेहतर बनाती है और सही रास्ते पर ले जाती है। प्रतिभा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, यह ग्रामीण और गरीब इलाकों में भी विद्यमान है। ऐसे क्षेत्रों तक जयपुरिया जैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थानों की पहुंच आवश्यक है। कॉर्पोरेट जगत को चाहिए कि वे अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंड का उपयोग करके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दें और सभी वर्गों तक गुणवत्तापरक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करें।"

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़

"शिक्षा न केवल मनुष्य का अधिकार है, बल्कि जीवन के विभिन्न आयामों में संतुलन बनाने का सबसे शक्तिशाली साधन भी है। शिक्षा हमें हमारे अधिकारों के प्रति जागरूक करती है।

"बच्चों के चरित्र निर्माण और उनके बहुआयामी विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों पर होती है। शिक्षकों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ वर्तमान परिवेश की भी जानकारी देनी चाहिए, जिससे विद्यार्थी अद्यतन ज्ञान से परिपूर्ण हों।"

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# आई0आई0टी0 कानपुर में ''भारत के विकास में नवाचार की भूमिका'' कार्यक्रम

**कानपुर: 01 दिसम्बर 2024**

❖ उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने आई0आई0टी0 कानपुर में आयोजित ''भारत के विकास में नवाचार की भूमिका'' कार्यक्रम में सहभागिता की।

माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में आयोजित 'भारत के विकास में नवाचार की भूमिका' विषयक कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए।







आई0आई0टी0 कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपित करते हुए।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम

**लखनऊः 24 जनवरी, 2025**

- ❖ माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।
- ❖ इस अवसर पर माननीय उपराष्ट्रपति जी ने युवा उद्यमी विकास अभियान के ई–पोर्टल का शुभारंभ किया तथा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024–25 का वितरण भी किया।




माननीय उपराष्ट्रपति जी युवा उद्यमी विकास अभियान के ई–पोर्टल का शुभारंभ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुए।




माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024–25 का वितरण करते हुए।

## माननीय प्रधानमंत्री जी का प्रदेश भ्रमण

**प्रयागराज: 13 दिसम्बर, 2024**

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयागराज आगमन पर त्रिवेणी संगम पर स्वागत करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेन जी व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी।




## प्रयागराज में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

- माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रयागराज में 5,500 करोड़ रूपये की 167 विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण।
- इस अवसर पर महाकुम्भ 2025 की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गयी।
- प्रयागराज में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अक्षय वट कोरिडोर, लेटे हुए हनुमान जी मंदिर एवं सरस्वती कूप का भी भ्रमण।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रयागराज में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्रिगण की उपस्थिति में करते हुए।




माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रयागराज में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रयागराज त्रिवेणी में पूजन एवं आरती करते हुए। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बाराबंकी में सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम

**बाराबंकी : 18 जनवरी, 2025**

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों के 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत सम्पत्ति कार्ड वितरित किए, जिसमें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जनपद बाराबंकी में आयोजित सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।
- कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने योजना के लाभार्थियों से संवाद किया।
- राज्यपाल जी ने स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड वितरित किए।
- सम्पत्ति कार्ड से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित कर कार्ड प्रदान करने के निर्देश।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए, कार्यक्रम में बाराबंकी से राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मत्रिगण व अन्य लोग मौजूद रहे।









माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में लाभार्थियों से संवाद करते हुए।




बाराबंकी में आयोजित सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड वितरित करते हुए राज्यपाल जी।

''स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं। आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे, आबादी के इलाकों का हमें पता होगा, तो विकास के काम की प्लानिंग भी स्टीक होगी और गलत प्लानिंग के कारण जो बर्बादी होती थी, जो रूकावटें आती थीं, उससे भी मुक्ति मिलेगी। कौन सी जमीन पंचायत की है, कौन सी जमीन चारागाह है, ऐसे कई विवाद रहते हैं। अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी, वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी।''

मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

''स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह योजना न केवल ग्रामीणों को उनके आवासीय संपत्ति का कानूनी अधिकार देती है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार लाती है। इससे भूमि विवाद कम होंगे और ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर मिलेगा। यह योजना वर्तमान को मजबूत करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण करेगी।''

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन: 04 नवम्बर, 2024**

- मानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजना के अंतर्गत राजभवन लखनऊ में सभी प्रदेशों के स्थापना दिवस कार्यक्रमों का आयोजन ।
- स्थापना दिवस कार्यक्रमों में संबंधित राज्य की कला, सांस्कृतिक धरोहर, हस्तकला, ऐतिहासिक स्थल, महान विभूतियों, संस्कृति एवं पर्यटन आदि को प्रदर्शित करती आकर्षक प्रदर्शनी, रंगोली तथा डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन।
- कलाकारों द्वारा संबंधित राज्य की लोक-कलाओं का भावपूर्ण प्रदर्शन।

## मध्य प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस समारोह

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन।
- राजभवन में मध्य प्रदेश की संस्कृति, खानपान, संगीत, महत्वपूर्ण स्थलों एवं महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली का अवलोकन।
- मध्य प्रदेश राज्य की लोक संस्कृति, महत्वपूर्ण स्थल तथा अद्यतन विकास पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री की गई प्रदर्शित।
- समारोह में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा मध्य प्रदेश के लोक कला, गायन एवं नृत्य का प्रस्तुतीकरण।



मध्य प्रदेश राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति का उत्साहवर्धन करते हुए राज्यपाल जी व अन्य गणमान्य।




राजभवन में आयोजित मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी।

"एक भारत श्रेष्ठ भारत" के तहत राज्यों का स्थापना दिवस समारोह राज्यों की संस्कृति, खानपान, रहन–सहन, वेशभूषा और कला के अद्वितीय आदान–प्रदान का मार्ग प्रशस्त करता है, जो राष्ट्रीय एकता को सशक्त और प्रगाढ़ बनाता है। प्रत्येक राज्य अपनी विशिष्टता और असाधारण पहचान के साथ भारतीय समाज का अभिन्न और अडिग स्तंभ है। यह समारोह हमें विविधता में एकता का सशक्त संदेश देता है और राष्ट्र निर्माण में योगदान की प्रेरणा प्रदान करता है। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान सभी राज्यों को एकजुट करके भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सम्मानित और सशक्त बनाता है, जिससे हमारा राष्ट्र एक मजबूत, समृद्ध और एकजुट भविष्य की ओर अग्रसर होता है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन: 05 नवम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन।
- छत्तीसगढ़ की संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों, अद्यतन विकास आदि पर आधारित डॉक्यूमेंट्री की गयी प्रदर्शित।
- उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोकनृत्यों की जोशीली प्रस्तुति।
- छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, वाद्य यंत्र, हस्तकला, तीर्थ स्थल, लोक कला, नृत्य, भाषा, धातु कला, महत्वपूर्ण स्थलों, टेराकोटा एवं महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी और रंगोली का अवलोकन।



छत्तीसगढ़ राज्य की विविधता को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



छत्तीगढ़ दिवस पर प्रसिद्ध लोकनृत्यों की मनोरम प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए राज्यपाल जी।

# पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन: 06 नवम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन।
- इस अवसर पर पंजाब राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने वाले विभिन्न लोक नृत्य, लोक गायन की प्रस्तुतियों के साथ–साथ पंजाब की संस्कृति और विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन।
- पंजाब की संस्कृति, हस्तकला, महत्वपूर्ण स्थलों, महान विभूतियों आदि पर आधारित प्रदर्शनी और रंगोली का अवलोकन



पंजाब राज्य के स्थापना दिवस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी प्रस्तुति देते कलाकारों का उत्साहवर्द्धन करते हुए राज्यपाल जी व अन्य।





पंजाब राज्य स्थापना दिवस पर राज्य की विविधता एवं संस्कृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

# कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन : 07 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों के स्थापना दिवस का आयोजन।

❖ कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की लोक संस्कृति को दर्शाने वाले लोक नृत्यों का प्रदर्शन।

❖ कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की संस्कृति, खान–पान, परिधान, प्रमुख स्थलों, महान विभूतियों एवं लोक संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी तथा आकर्षक रंगोली का अवलोकन।

❖ इस अवसर पर कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुति के साथ–साथ राज्यों की सांस्कृतिक विविधता एवं अद्यतन विकास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन।




कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।



स्थापना दिवस समारोह की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के आमंत्रित अतिथि राज्यपाल जी को सम्मानित करते हुए।

# उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन : 05 दिसम्बर, 2024**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन।
- ❖ समारोह में एन0सी0जेड0सी0सी0, प्रयागराज और उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा उत्तराखण्ड की लोक कला, गायन और नृत्य का प्रदर्शन।
- ❖ उत्तराखंड राज्य की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक खानपान, संगीत, प्रमुख तीर्थ स्थलों और महान व्यक्तित्वों पर आधारित प्रदर्शनी, रंगोली कृतियों और डाक्यूमेंट्री का अवलोकन।



स्थापना दिवस समारोह की रंगोली का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

# गुजरात राज्य का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन: 06 दिसम्बर, 2024**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में गुजरात राज्य के स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन।
- ❖ इस अवसर पर गुजरात राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- ❖ उत्तर मध्य सांस्कृतिक क्षेत्र प्रयागराज, संस्कृति विभाग और गुजरात के कुशल कलाकारों द्वारा गुजरात की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित द्वारा विभिन्न आकर्षक लोक नृत्य की प्रस्तुति।
- ❖ गुजरात राज्य की संस्कृति, खान–पान, परिधान, प्रमुख स्थलों, महान विभूतियों और लोक संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी, रंगोली एवं डाक्यूमेंट्री का अवलोकन।
- ❖ सभी कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा तथा उनका उत्साहवर्धन।



गुजरात राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति का आनंद लेते हुए राज्यपाल जी व अन्य गणमान्य।




गुजरात राज्य दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

# असम और नागालैंड राज्य का स्थापना दिवस

**राजभवन: 10 दिसंबर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में असम और नागालैंड राज्यों के स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ।
- राज्यों के अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर और विकास को दर्शाने वाली डॉक्यूमेंट्री की गयी प्रदर्शित।
- उत्तर मध्य सांस्कृतिक क्षेत्र प्रयागराज, संस्कृति विभाग एवं असम व नागालैंड राज्य के कलाकारों द्वारा असम और नागालैंड राज्य की लोक संस्कृति को दर्शाने वाले कई शानदार नृत्य किए गए प्रस्तुत।
- असम और नागालैंड की संस्कृति, खानपान, परिधान, प्रमुख पर्यटन स्थल और महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी व रंगोली का अवलोकन।
- समारोह में असम राज्य के संस्कृति विभाग की अधिकारी सुश्री जिना राजकुमारी एवं नागालैण्ड के अतिथि द्वारा राज्यपाल जी का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान।



असम और नागालैंड राज्य की संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



स्थापना दिवस समारोह में कलाकार प्रस्तुत लोकनृत्य का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



असम–नागालैंड के अतिथिगणों द्वारा राज्यपाल जी का सम्मान

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस – नशा मुक्ति साईकिल रैली

**राजभवन : 24जनवरी, 2025**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन से नशा मुक्ति जागरूकता हेतु आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन से नशा मुक्ति जागरूकता साइकिल रैली को झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते हुए राज्यपाल जी।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन : 24 जनवरी, 2025**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत अभियान' के अंतर्गत राजभवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन।
- ❖ कार्यक्रम में राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- ❖ कार्यक्रमों में मिर्जापुर एवं लखीमपुर क्षेत्र के जनजाति, थारू एवं आदिवासी जनजाति के लगभग 100 बच्चों द्वारा लोक गीत, थारू नृत्य, शैला नृत्य, सखिया नृत्य, करमा नृत्य एवं रामलीला की दी गयी आकर्षक प्रस्तुतियां।
- ❖ कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की विविधता और विकास पर आधारित प्रदर्शनी एवं एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन।
- ❖ इस अवसर पर ''मन की बात'' कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी के संविधान पर व्यक्त किये गये विचारों को भी सुना गया।



राजभवन में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में कलाकारों की प्रस्तुति देखते हुए राज्यपाल जी।




उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत एवं नायकों को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

# भारतीय संविधान पर आधारित मूट कोर्ट का प्रस्तुतिकरण

**राजभवन : 25 जनवरी**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय संविधान के मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों, भारतीय दंड संहिता और अन्य कानूनी प्रावधानों पर आधारित मूट कोर्ट का प्रस्तुतिकरण।
- राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से विशेष आमंत्रित शिक्षकों द्वारा 12 प्रतिभागियों का चयन अंतिम मूट कोर्ट प्रस्तुतीकरण हेतु किया गया।
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर चयनित प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- मूट कोर्ट के दौरान प्रतिभागियों द्वारा घरेलू हिंसा एवं पर्यावरण विषय पर संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों, मौलिक अधिकारी एवं कर्तव्यों, कानूनी प्रावधान, अधिनियमों, कोर्ट लॉ एवं विभिन्न संगठनों की रिपोर्ट का गहन अध्ययन कर अपनी विश्लेषण क्षमता और कानूनी ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।
- भारतीय संसद से विशेष रूप से मंगायी गयी संविधान की मूल अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियों को मूट कोर्ट प्रस्तुतिकरण एवं गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में सभी के अवलोकनार्थ रखा गया।
- मूट कोर्ट प्रस्तुतिकरण से पूर्व राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव एवं विधिक सलाहकार द्वारा संविधान के विभिन्न भागों एवं उनमें निर्मित चित्रकारी की जानकारी सभी को दी गयी।
- संविधान की इन मूल प्रतियों को राजभवन में आमजन के अवलोकनार्थ रखा जायेगा।





गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय संविधान के मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों, भारतीय दंड संहिता और अन्य कानूनी प्रावधानों पर आधारित मूट कोर्ट का प्रस्तुतिकरण करते राजभवन के कार्मिक।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजभवन : 25 जनवरी 2025**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में राजभवन में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर आधारित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति 'विश्व स्वर, अटल अमर' का भव्य आयोजन।
- इस विशेष प्रस्तुति में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रेरणादायी जीवन, उनकी कविताओं, पत्रकारिता, राजनीति में योगदान, भारत के प्रति उनके अटूट समर्पण और राष्ट्रप्रेम को अत्यंत प्रभावशाली और संवेदनशील ढंग से कलाकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण।
- गणतंत्र दिवस की संध्या में राजभवन के कार्मिकों एवं बच्चों द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर, स्वामी विवेकानंद सरस्वती, पं0 दीनदयाल उपाध्याय एवं भगवान बिरसा मुण्डा पर आधारित नाट्कों का भावपूर्ण मंचन।



श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर आधारित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति 'विश्व स्वर, अटल अमर' का राजभवन में मंचन करते कलाकार।





गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजभवन परिवार के बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण को देखते हुए राज्यपाल जी।

# राजभवन में 76वां गणतंत्र दिवस

**राजभवन : 26 जनवरी, 2025**

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

❖ उत्कृष्ट सेवा हेतु पुलिस पदक प्राप्त राजभवन में कार्यरत 05 पुलिस कार्मिकों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राज्यपाल जी।



गणतंत्र दिवस के अवसर बच्चों को मिष्ठान वितरित करते हुए राज्यपाल जी।



राजभवन में कार्यरत पुलिस कार्मिकों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।

## विधान भवन पर ध्वजारोहण व झांकी एवं राजभवन बैंड का अवलोकन

- राज्यपाल जी ने विधान भवन पर मा. मुख्यमंत्री, मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, गणमान्यों की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड का अभिवादन स्वीकार किया।
- परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों की झांकी तथा प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ का अवलोकन।
- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में परेड में निकाली गई राजभवन की पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण पर आधारित झांकी को द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन के ब्रास बैण्ड दल के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया।




गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट करते दल का अभिवादन स्वीकार करते हुए राज्यपाल जी।



गणतंत्र दिवस परेड में राजभवन की झांकी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

## गणतंत्र दिवस पर राजभवन में बधाई कार्यक्रम

❖ माननीय राज्यपाल जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से गणतंत्र दिवस की सायंकाल राजभवन में आयोजित परम्परागत बधाई कार्यक्रम में राजनेता, प्रशासनिक, सेना एवं पुलिस के अधिकारीगण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, गणमान्य नागरिक, स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण आदि ने भेंट कर गणतंत्र दिवस की बधाईयों का आदान–प्रदान किया।




गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित बधाई कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों से भेंट करते हुए।



गणतंत्र दिवस पर राजभवन में आयोजित बधाई कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

## संविधान की मूल अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियां का अवलोकन




राजभवन, लखनऊ में भारतीय संसद से विशेष रूप से मंगवाई गयी संविधान की मूल अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियों का गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणमान्यजन अवलोकन करते हुए।

## उत्तर प्रदेश दिवस – अलंकरण समारोह

**राजभवन : 26 जनवरी, 2025**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा राजभवन में आयोजित अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों कला, संस्कृति, साहित्य, नाट्य, खेल और बौद्ध व जैन दर्शन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महानुभावों को सम्मानित किया।

राजभवन में आयोजित अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित महानुभावों के साथ राज्यपाल जी।



# बीटींग द रिट्रीट – राजभवन झांकी एवं बैण्ड मार्च पास्ट को पुरस्कार

**लखनऊ : 29 जनवरी, 2025**

- पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में गणतंत्र दिवस परेड 2025 में राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय को बेस्ट बैण्ड मार्च पास्ट की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार तथा राजभवन की पर्यावरण पर आधारित झांकी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- ज्ञातव्य है कि राज्यपाल जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस परेड में राजभवन की झांकी और उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन के 40 बच्चों द्वारा बैण्ड की प्रस्तुति की गई थी।



गणतंत्र दिवस परेड में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बैण्ड मार्च पास्ट को मिले प्रथम पुरस्कार की ट्राफी प्राप्त करती छात्रा।



गणतंत्र दिवस परेड में पर्यावरण पर आधारित राजभवन, लखनऊ की झांकी को मिले द्वितीय पुरस्कार की ट्राफी को प्राप्त करते राजभवन के अधिकारीगण।

# राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं अन्य स्थलों का निरीक्षण

**राजभवन: 05 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय, विभिन्न भवनों, उद्यानों, नालों व अन्य स्थलों का निरीक्षण।

❖ इस अवसर पर विद्यालय की कक्षाओं, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता का मूल्यांकन।

❖ विद्यालय के नव निर्माण के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश।



राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए।

**''विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना आवश्यक है, क्योंकि बच्चों का स्कूल आना ही उनके सीखने की प्रक्रिया की पहली शर्त है। इसके साथ ही, विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे पेयजल, स्वच्छता, खेल कक्ष, पुस्तकालय आदि बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित शिक्षक और शिक्षा का समय भी बच्चों की शैक्षिक प्रगति में योगदान करता है। यदि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नियमित रूप से समय पर विद्यालय में उपस्थित रहते हैं और बच्चों के साथ संवाद करते हैं, तो यह बच्चों की शैक्षिक सफलता के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन के कायाकल्प सहित विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास

**राजभवन: 06 नवम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन लखनऊ में प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में 14 करोड़ 65 लाख की लागत से 8 विकास कार्यों का शिलान्यास, जिसमें राजभवन के उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प, छतों पर चाइना मोजैक का कार्य, अग्निशमन प्रणाली का उन्नयन, विभिन्न भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल, किचन का जीर्णोद्धार, गांधी सभागार में नई वातानुकूलन तकनीकी एवं विद्युत डी0जी0 सेट की आपूर्ति और स्थापना जैसे कार्य शामिल।
- सभी निर्माण कार्यों को समयबद्धता, उच्च गुणवत्ता से करने एवं उनकी नियमित समीक्षा और समय पर मॉनिटरिंग के निर्देश।



राजभवन परिसर में नये विद्यालय भवन सहित सिविल एवं विद्युत विभाग के अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल जी, साथ में प्रदेश के माननीय वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी व अन्य।

राजभवन स्थित विद्यालय के नये भवन के शिलान्यास से आह्लादित बच्चे राज्यपाल जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए।



# "मन की बात" पर आधारित पुस्तक "मोडियालॉग" का विमोचन

**राजभवन: 16 नवम्बर, 2024**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100 एपिसोडो पर डॉ0 अश्विन फर्नांडीज, कार्यकारी निदेशक, अफ्रीका, क्यू0एस0 एशिया द्वारा रचित पुस्तक का राजभवन लखनऊ में विमोचन।
- ❖ इस अवसर पर क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग में उत्तर प्रदेश स्थित प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने वाले 18 केन्द्रीय, राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज और आई.आई.टी. कानपुर एवं वाराणसी, गलघोटिया विश्वविद्यालय, नोएडा, शारदा विश्वविद्यालय, नोएडा, सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा, मोतीलाल नेहरू एनआईटी, इलाहाबाद, शिव नाडर विश्वविद्यालय, नोएडा शामिल।




माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' पर आधारित पुस्तक "मोडियालॉग" का विमोचन करते हुये राज्यपाल जी।



क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये राज्यपाल जी।

## रेडक्रास सोसायटी उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**राजभवन: 16 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल एवं अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में दिये गये व्यापक योगदान हेतु रेडक्रॉस सोसायटी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान–2023 से दो अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार आई0ए0एस0 एवं श्री मंगलाप्रसाद सिंह आई0ए0एस0 सम्मानित।



उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु रेडक्रॉस सोसायटी उत्कृष्ट सेवा सम्मान–2023 सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।

## पुलिस झण्डा दिवस

**राजभवन : 23 नवंबर, 2024**

पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर राज्यपाल जी को राजभवन में श्री प्रशांत कुमार पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश फ्लैग पिन व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुये।



# 'आलंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट' का उद्घाटन

**राजभवन : 20 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में मानव अंगदान और युवा महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से गठित 'आलंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट' का उद्घाटन किया।

❖ अंगदाताओं का सम्मान, संस्था के उद्देश्य-पत्र का भी विमोचन तथा ट्रस्ट के सदस्यों को अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का निर्देश।



आलंबन एसोसिएट्स चैरिटेबल ट्रस्ट का राजभवन लखनऊ में उद्घाटन करते हुए राज्यपाल जी।

> **''अंगदान से जहां बीमार व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है, वहीं समाज में मानवता और संवेदनशीलता के संदेश का प्रसार भी होता है। जरूरी है कि छोटी-छोटी प्रेरक लघु फिल्मों के माध्यम से बड़े सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में दिखाया जाए, ताकि लोग अंगदान के महत्व और इससे जुड़े तथ्यों को समझ सकें।**
>
> **अंगदान को लेकर समाज में फैली धार्मिक मान्यताओं और भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है। समाज को यह समझाने की जरूरत है कि अंगदान से कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि यह जीवन बचाने का एक पुनीत कार्य है। धार्मिक एवं सामाजिक मान्यताओं को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने के लिए प्रभावी संवाद और जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।''**
>
> राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# राजभवन में राज्यपाल का मनाया गया जन्मदिन

**राजभवन : 21 नवम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया।
- इस अवसर पर राज्यपाल जी ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ खुशियां बांटी।
- बच्चों ने भी राज्यपाल जी को अपने हाथों से बनाए हुए पेंटिंग, पत्र और कार्ड उपहारस्वरूप भेंट किए।
- प्रदेश के मंत्रीगण विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भेंटकर राज्यपाल जी को जन्मदिवस की अनंत शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल जी को पुस्तक भेंट की एवं उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।



राज्यपाल जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपर मुख्य सचिव डाॅ0 सुधीर महादेव बोबडे जी।



राज्यपाल जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक एवं वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना।



राज्यपाल जी अपने जन्मदिवस के अवसर पर राजभवन के छोटे बच्चों को भोजन कराते हुए।



राज्यपाल जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, अधिकारीगण एव गणमान्य।

## प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों से भेंट

**राजभवन : 23 नवंबर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उत्तर प्रदेश कैडर-2023 बैच के 20 प्रशिक्षु आई0पी0एस0 अधिकारियों की शिष्टाचार भेंट।
- इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अधिकारियों से उनका परिचय लिया और उनके कार्यक्षेत्र और अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।



प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करते हुए राज्यपाल जी।

## राजभवन परिसर में ए0टी0एम0 का उद्घाटन

**राजभवन : 27 नवंबर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा राजभवन परिसर में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के ए0टी0एम0 का उद्घाटन।




राजभवन परिसर में भारतीय स्टेट बैंक के नवस्थापित ए0टी0एम0 का लोकार्पण करते हुये राज्यपाल जी।

# संविधान दिवस के अवसर पर मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ

**राजभवन : 26 नवम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठन किया और अपने मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ली।
- राजभवन के पुस्तकालय में उपलब्ध संविधान की प्रति का पाठन करने, प्रत्येक कर्मचारी द्वारा इसके अनुच्छेदों पर अपना स्वयं का वक्तव्य बनाने, इससे संबंधित विषयों पर चित्र बनाने, नाटक आयोजित करने तथा अन्य विविध आयोजनों के लिए भी निर्देश।



संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन में संविधान के उद्द्देशिका का पाठन कर राजभवन परिवार के सदस्यों को मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ग्रहण कराते हुए राज्यपाल जी।

**''भारत का संविधान पूजनीय है। हम सबको संविधान के अनुच्छेदों का पाठन करके इसे अपने विचारों में अंगीकृत करना चाहिए। सिर्फ अधिकारों की जानकारी तक स्वयं को सीमित न रखें अपितु अपने कर्तव्यों की जानकारी भी रखें और कर्तव्यों को ही प्राथमिकता दें। भारत का संविधान भारत की तमाम विविधताओं को ध्यान में रखकर एकता की मूल भावना पर बनाया गया है। हम सबका कर्तव्य है कि देश हित में राष्ट्र के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करें। समाज में जो लोग पीछे रह गए हैं, जो गरीब तबके के लोग हैं, उनके उत्थान के लिए अपना योगदान दें। ''**

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# उ0प्र0 ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन की बैठक

**राजभवन : 05 दिसम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में उत्तर प्रदेश ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक।
- बैठक में गत् बैठक की कार्यवाही पुष्टीकरण, सम्प्रेक्षित लेखा रिपोर्ट अनुमोदन, कार्यवाही अनुपालन, बजट अनुमोदन, एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा।
- एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों को अपने उत्तरदायित्वों को समझने और प्रतिबद्धता से कार्य करने के निर्देश।
- एसोसिएशन के सदस्य क्षय रोगियों को गोद लेने में आगे आएं, साथ ही समाज के अन्य सक्षम लोगों को भी क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु प्रेरित करें।
- टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर उनके स्वस्थ होने तक पोषण और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के अभियान को गति प्रदान की जाए।




उत्तर प्रदेश ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी।

**''उत्तर प्रदेश में टी0बी0 उन्मूलन की दिशा में विशेष प्रयास किए गए हैं। राज्य सरकार, विभिन्न सरकारी अधिकारी, निजी संस्थाएं और विश्वविद्यालयों द्वारा टीवी रोगियों को गोद लिया गया है, जो इस मुहिम की सफलता में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहे हैं। इन संस्थाओं और व्यक्तियों ने टीवी मरीजों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझा और उन्हें नियमित रूप से पोषण पोटली प्रदान की। यह पोषण पोटली न केवल उनकी शारीरिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करती है, बल्कि उनका मानसिक उत्साह भी बढ़ाती है।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# 'जेम पोर्टल' के सम्बन्ध में प्रशिक्षण

**राजभवनः 11 दिसंबर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उनके अधीनस्थ संस्थानों में वस्तु, सेवाओं, आउटसोर्सिंग मैनपावर के क्रय के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेण्ट–ई–मार्केटप्लेस (जेम) की व्यवस्था लागू किए जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी समेकित दिशा–निर्देश–2024 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में राजभवन के अधिकारियों तथा वर्चुअली जुड़े प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, रजिस्ट्रार, वित्त नियंत्रक को डिप्टी सी0ओ0 एवं प्रदेश प्रभारी जेम पोर्टल, श्री कृष्ण मुरारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- प्रशिक्षण में अधिकारियों को जेम पंजीकरण, वस्तु, सेवा, मैनपावर, खरीद, बिड, निविदा, ई0एम0डी0, पी0बी0जी0, जी0एस0टी0 इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।
- विश्वविद्यालयों और शासकीय संस्थानों के अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।
- जेम पोर्टल के उपयोग के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी समेकित दिशा–निर्देश–2024 में दिए गए प्राविधानों के सम्बन्ध में प्रदान की गई जानकारियों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश।




जेम पोर्टल के संबंध में शासकीय संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रकों संग ऑनलाइन बैठक करते हुये राज्यपाल जी।

# भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों का खेल महोत्सव

**राजभवन 16 एवं 17 दिसम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संस्था उम्मीद के सहयोग से भिक्षावृत्ति छोड़ चुके लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या तथा कुशीनगर के बच्चों हेतु राजभवन में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन, जिसमें लखनऊ, अयोध्या एवं कुशीनगर के लगभग 700 बच्चों की प्रतिभागिता।
- खेल महोत्सव में बच्चों द्वारा चम्मच रेस, बोरा रेस, 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, खो-खो, बलून रेस, कोन रेस, कबड्डी, रस्सा-कस्सी तथा लम्बी कूद आदि खेलों में प्रतिभागता।
- विजेता बच्चों व सहयोगी संस्थाओं का सम्मान।



भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों हेतु राजभवन में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव में रस्सा-कस्सी खेल में प्रतिभाग करते बच्चे।




भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों हेतु राजभवन में आयोजित हुये दो दिवसीय खेल महोत्सव में दौड़ में प्रतिभाग करते बच्चे।



भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों हेतु राजभवन में आयोजित खेल महोत्सव के समापन समारोह में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




राजभवन में आयोजित खेल महोत्सव के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

“

खेल केवल शारीरिक कसरत का एक साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, रणनीति, सहयोग और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाता है। बच्चों के जीवन में खेल का स्थान बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि खेलों के माध्यम से वे टीमवर्क, नेतृत्व, और समस्याओं को सुलझाने की कला सीखते हैं। खेलों में सफलता और असफलता दोनों का अनुभव होता है, जिससे बच्चों को जीवन में धैर्य और समर्पण की भावना विकसित होती है।

आजकल के डिजिटल युग में हम उन्हें बाहर खेलकूद के लिए भी प्रेरित करें। खेल बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखते हैं, जिससे उनकी इम्यूनिटी बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। इसके अलावा, खेल बच्चों को विभिन्न भावनाओं को नियंत्रित करने में मदद करता है, जैसे तनाव, खुशी और निराशा।

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

”

## फ्रांस के राजदूत से भेंट

**राजभवनः 17 दिसम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन, लखनऊ में भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ की शिष्टाचार भेंट।



राज्यपाल जी ने राजदूत डॉ. थिएरी माथौ को राजभवन, उत्तर प्रदेश के क्रियाकलापों पर आधारित पुस्तक 'हमारा राजभवन' की प्रति भेंट की।

## राजभवन में डिजाइन कार्यशाला

**राजभवन : 23 दिसंबर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल श्री कोटारो नागासाकी द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कला एवं शिल्प महाविद्यालय द्वारा राजभवन में आयोजित एक दिवसीय डिजाइन कार्यशाला का अवलोकन।

❖ प्रतिभागियों में टेक्सटाइल डिजाइन, फाइन आर्ट्स और व्यापारिक कला के छात्र–छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल।



लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गयी डिजाइनों का राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल श्री कोटारो नागासाकी अवलोकन करते हुये।

# मीडिया संवाद कार्यक्रम

**राजभवन : 26 दिसम्बर, 2024**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में आयोजित प्रेस संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों से संवाद।
- कार्यक्रम में राजभवन उत्तर प्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, राजभवन में हो रहे नवाचारों और सुधारों की जानकारी, विश्वविद्यालयों में रैंकिंग सुधारने, डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देने और पाठ्यक्रमों में समानता सुनिश्चित करने के प्रयास, टी0बी0 मरीजों के लिए पोषण सामग्री और देखभाल कार्यक्रम, सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान, महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, जन–कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे प्रयास किए गए साझा।



राजभवन लखनऊ में आयोजित प्रेस संवाद कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं से चर्चा करते हुए राज्यपाल जी।

# विश्वविद्यालयों की एन0आई0आर0एफ0 मूल्यांकन में उत्कृष्टता हेतु बैठक

**राजभवन : 26 दिसंबर, 2024**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से राज्य विश्वविद्यालयों की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन0आई0आर0एफ0) मूल्यांकनों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए बैठक की गयी।
- ❖ एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग की पांचों क्राइटेरियाओं की विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग समीक्षात्मक चर्चा।
- ❖ विश्वविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु बनाए गए ग्रुप 'उपक्रम' के समान एन0आई0आर0एफ0 मूल्यांकन के लिए भी ग्रुप बनाने के निर्देश।
- ❖ विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक गुणवत्ता और अकादमिक श्रेष्ठता के लिए किए गए अपने कार्यों एवं शोध वृत्तियों को आपस में साझा करने के निर्देश
- ❖ राज्य विश्वविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के साथ-साथ नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन0आई0आर0एफ0) एवं क्यू0एस0 वर्ल्ड रैंकिंग मूल्यांकन हेतु भी प्रोत्साहित किया गया।




नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन0आई0आर0एफ0) मूल्यांकन में उच्च रैंकिंग प्राप्त करने हेतु राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग बैठक करते हुए राज्यपाल जी।

# राजभवन में नववर्ष–2025 पर भेंट

**राजभवन : 01 जनवरी, 2025**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के मंत्रिगण, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, कुलपतिगण, प्रगतिशील कृषक सहित अन्य गणमान्य जनों ने भेंट कर नववर्ष–2025 की बधाई दी।

❖ राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भी भेंट कर राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई दी।



राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई देते हुए वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना।



नववर्ष–2025 के अवसर पर राज्यपाल जी को बधाई देते हुए महापौर लखनऊ श्रीमती सुषमा खर्कवाल।



राज्यपाल जी को नववर्ष–2025 की बधाई देते हुए मुख्य सचिव, श्री मनोज कुमार सिंह।



नववर्ष के अवसर पर राज्यपाल जी को बधाई देते हुए अपर मुख्य सचिव डॉ सुधीर एम0 बोबडे।



राजभवन में बच्चों से नववर्ष की बधाईयों के आदान-प्रदान के दौरान राजभवन परिवार के बच्चों के साथ राज्यपाल जी।



प्रगतिशील किसान राज्यपाल जी को नववर्ष की बधाई देते हुए।

## खेल शुभंकर का लोकार्पण

**राजभवन, 28 दिसम्बर, 2024**




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रथम साउथ एशियन सॉफ्टटेनिस चैम्पियनशिप व द्वितीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस चैम्पियनशिप के मस्कट (सुभंकर) का राजभवन, लखनऊ में विमोचन किया।

# राजभवन में चांसलर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट और मैत्री मैच का आयोजन

**राजभवन : 02 जनवरी, 2025**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में राजभवन में इंटर–टेक्निकल विश्वविद्यालय स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 'चांसलर्स कप' का आयोजन।
- टूर्नामेंट में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की टीमों ने भाग लिया, जिसमें डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की टीम विजयी रही।
- डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ और राजभवन के मध्य मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन, जिसमें राजभवन लखनऊ की टीम ने विजय प्राप्त की।




राजभवन में आयोजित इंटर–टेक्निकल विश्वविद्यालय स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 'चांसलर्स कप' मैच देखते हुए राज्यपाल जी एवं राजभवन व विश्वविद्यालयों के सदस्यगण।




राजभवन में आयोजित मैत्रीय क्रिकेट मैच की विजयी राजभवन टीम राज्यपाल जी के साथ।

# राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन

**राजभवन : 03जनवरी, 2025**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु 03 जनवरी, 2025 को परंपरागत खेल प्रतियोगिता–2025 का बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ।
- ❖ खेल प्रतियोगिता में कुल 19 विभिन्न खेलों का आयोजन, जिसमें खो–खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0/50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्ठू तथा रस्सी कूद शामिल।
- ❖ 17 फरवरी, 2025 को परम्परागत खेल प्रतियोगिता के विजाताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।
- ❖ प्रतियोगिता में 588 प्रतिभागियों में से 514 पुरुष और 74 महिलाएं शामिल थीं। विजयी प्रतिभागियों को 338 मेडल प्रदान किए गए, जिनमें 133 गोल्ड, 136 सिल्वर और 59 कांस्य मेडल शामिल।
- ❖ प्रतियोगिता आयोजन में सफल योगदान देने वालों को भी सम्मान।
- ❖ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रमाण–पत्र एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मान।



राज्यपाल जी राजभवन में आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता का बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर शुभारंभ करते हुए।




राजभवन में आयोजित इंटर-टेक्निकल विश्वविद्यालय स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 'चांसलर्स कप' मैच देखते हुए राज्यपाल जी एवं राजभवन व विश्वविद्यालयों के सदस्यगण।

"खेल की निरंतरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता केवल एक अवसर नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। जैसे अध्ययन से मानसिक विकास होता है, वैसे ही खेल से न सिर्फ शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, बल्कि टीमवर्क, धैर्य और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुण भी विकसित होते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी सहभागी बनाएं।"

| 1. | मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | 84वां |

## दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर को नेचर इंडेक्स रैंकिंग में सफलता प्राप्त करने पर बधाई

**राजभवन : 11 अगस्त, 2024**

- राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय द्वारा नेचर इंडेक्स रैंकिंग में सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी है।
- विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया है।
- विश्वविद्यालय ने भारत के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में 103वें और विश्वविद्यालयों में 47वें स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है।
- नेचर इंडेक्स रैंकिंग में प्राकृतिक विज्ञान की उच्च गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं में योगदान के आधार पर संस्थानों का आकलन किया जाता है।

# राज्यपाल का राज्य भ्रमण
# (बिहार)

**बिहार 29 अक्टूबर – 2 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बिहार राज्य में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय अवशेषों एवं नए कैंपस, विश्व शांति स्तूप परिसर तथा बिहार में अन्य रमणीय पर्यटक एवं आध्यात्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया गया।





बिहार के माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर जी तथा बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से शिष्टाचार भेंट करते हुए।



बिहार दौरे के दौरान प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का भ्रमण करते हुए।

# राज्यपाल का राज्य भ्रमण
# (असम)

**असम 9 नवम्बर– 12 नवम्बर, 2024**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने असम राज्य का भ्रमण कर प्रसिद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों की तथा वहां के स्थानीय कलाओं की जानकारी प्राप्त की।



असम के जनपद शिवसागर में स्थानीय कारीगरों द्वारा हैण्डलूम में तैयार किये जा रहे उत्पादों की जानकारी प्राप्त करते हुये राज्यपाल जी।



असम के जनपद शिवसागर में स्थित ऐतिहासिक तलातल घर और केरंग घर का भ्रमण करते हुये राज्यपाल जी।



असम के जनपद शिवसागर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलार्चन करते हुये राज्यपाल जी।

## "कारीगर गाथा–शिल्पकला की विरासत" कार्यक्रम

**नई दिल्ली : 12 जनवरी, 2025**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा नई दिल्ली स्थित नेशनल क्राफ्ट्स म्यूजियम द्वारा आयोजित 'कारीगर गाथा – शिल्प कला की विरासत' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- कार्यक्रम में 14 राज्यों से आये कारीगरों का उत्साहवर्द्धन किया गया।

नई दिल्ली स्थित नेशनल क्राफ्ट्स म्यूजियम में आयोजित प्रदर्शनी में स्टॉल का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



## क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी–रायपुर, छत्तीसगढ़

**रायपुर : 31 जनवरी, 2025**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कस्तूरी कुंडल, रायपुर छत्तीसगढ़ में क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।
- प्रदर्शनी में स्टोन वर्क, काष्ठ कला, धातु की प्रतिमा, शॉल, साड़ी, श्रृंगार सामग्री आदि के स्टालों पर कारीगरों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।




कस्तूरी कुंडल, रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी में स्टॉल पर हस्तशिल्प उत्पादों को देखते हुए राज्यपाल जी।

# गोवा में अंतर्राष्ट्रीय क्यू0एस0 इंडिया समिट–2025 का आयोजन

**गोवा : 29 जनवरी, 2025**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा साउथ गोवा में 27 से 29 जनवरी, 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्यू0एस0 इंडिया समिट–2025 का उद्घाटन।
- ❖ समिट में 30 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के 150 प्रतिनिधियों तथा भारत देश के 353 सहित कुल 503 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।
- ❖ समिट का मुख्य उद्देश्य रैंकिंग, नेटवर्किंग, समझौता ज्ञापन एम0ओ0यू0, करना, अध्यापकों एवं छात्रों का एक्सचेंज प्रोग्राम, इंटरनेशनल कोलैबोरेशन करना, अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर रिसर्च और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करना है।
- ❖ समिट में ए0आई0सी0टी0ई0 के अध्यक्ष, क्यू0एस0 वर्ल्ड रैंकिंग के प्रतिनिधि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यू0एस0ए0, यू0के0, जर्मनी, इजरायल, फ्रांस, मलेशिया, ओमान, यूनाइटेड अरब एमिरेट्स, नीदरलैंड्स विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट/वाइस प्रेसिडेंट/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
- ❖ समिट में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों तथा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ 09 समझौता ज्ञापन किए गए। अन्य विश्वविद्यालयों के साथ में समझौता ज्ञापन करने के लिए राजभवन के अधिकारी तथा राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण ने बैठक आयोजित कर विचार विमर्श भी किया।



साउथ गोवा में आयोजित क्यू0एस0 इण्डिया समिट 2025 में प्रतिभाग हुये आये अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमण्डल एवं उत्तर स्थित राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति संग।





गोवा में आयोजित क्यू0एस0 इण्डिया समिट में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन प्रदर्शित करते पक्षकार।

# विद्यार्थियों का राजभवन भ्रमण

❖ विगत तीन माह नवंबर, दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 में, विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने राजभवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ऐतिहासिक महाराजा कुर्सी, राजभवन उद्यान, मुख्य भवन, संग्रहालय, जनकक्ष, कर्मयोगी भवन, अन्नपूर्णा कक्ष, तृप्ति कक्ष, कला कक्ष, स्टाम्प एवं मुद्रा कक्ष, गांधी सभागार, पंचतंत्र वाटिका, चिड़ियाघर, नवनिर्मित बोनसाई गार्डन, कमल ताल, बारादरी, धन्वंतरि वाटिका, मियावाकी वन, राजभवन लॉन, हेलीपैड, गौशाला तथा पुस्तकालय आदि का अवलोकन किया। छात्रों ने इन स्थलों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक महत्ता को समझते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

| क्र0स0 | विश्वविद्यालय का नाम | भ्रमण का दिनांक | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | जे0एल0टी0 ऐजूकेशन सेंटर, रमईपुर, कानपुर | 14 नवम्बर, 2024 | 58 |
| 2 | विज्ञान फाउण्डेशन संस्था | 15 नवम्बर, 2024 | 74 |
| 3 | राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेण्डरी स्कूल, डम्परपुर्वा, कन्नौज | 20 नवम्बर, 2024 | 86 |
| 4 | प्रवायां पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पुवायां, शाहजहांपुर | 24 नवम्बर, 2024 | 37 |
| 5 | सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, सिधौली, सीतापुर | 04 दिसम्बर, 2024 | 142 |
| 6 | सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, बाराबंकी | 25 दिसम्बर, 2024 | 113 |
| 7 | भगवान परशुराम विद्या मंदिर | 25 दिसम्बर, 2024 | 08 |
| 8 | महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज, मलिहाबाद | 30 दिसम्बर, 2024 | 312 |
| 9 | राज इंग्लिश स्कूल, वाराणसी | 03 जनवरी, 2025 | 12 |
| 10 | जम्मू कश्मीर व छत्तीसगढ़ के छात्र | 27 जनवरी, 2025 | 29 |
| | | कुल संख्या | 871 |



जे0एल0टी0 ऐजूकेशन सेंटर, रमईपुर, कानपुर के विद्यार्थी राजभवन भ्रमण के दौरान पुस्तकालय को देखते हुए। 14 नवम्बर, 2024



राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेण्डरी स्कुल, डम्परपुर्वा, कन्नौज के बच्चे राजभवन का भ्रमण करते हुए। 20 नवम्बर, 2024




प्रवायां पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पुवायां, शाहजहांपुर के बच्चे राजभवन भ्रमण के दौरान।
24 नवम्बर, 2024




भगवान परशुराम विद्या मंदिर के विद्यार्थी राजभवन भ्रमण के दौरान कक्ष की दीवारों की सजावट को देखते हुए।
25 दिसम्बर, 2024




राजभवन भ्रमण के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, बाराबंकी के बच्चे।
25 दिसम्बर, 2024



महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज, मलिहाबाद के बच्चे राजभवन के कलाकक्ष का अवलोकन करते हुए।
30 दिसम्बर, 2024

इन्द्रधनुष

# जीवन रक्षक-पेड़

मिटने न दो धरती की
आत्मा हैं पेड़
साक्षात सांस लेते
परमात्मा हैं पेड़
फल और फूल देते
बदले में कुछ न लेते
कितने परोपकारी
महात्मा हैं पेड़....1

अमरूद सेब पपीता
लीची अंगूर अनार
हर्र बहेड़ा आँवला
करते हैं चमत्कार
हैं दिव्य जड़ी बूटी
दिव्यात्मा हैं पेड़....2

लौंग सुपारी नारियल
केला तुलसी पान
चंदन बरगद नीम और
पीपल वृक्ष महान
ये देते हैं प्राण वायु
करते हमें शतायु
करते सभी बीमारियों का
खात्मा हैं पेड़ ....3

शीशम हैं अखरोट हैं
हैं टीक और देवदार
हैं पर्यावरण के रक्षक
वे वृक्ष शानदार
ये बादलों को लाते
घनघोर जल बरसाते
बाढ़ में भूमि की
कटान को बचाते
ये सिर्फ पुण्य करते
पुण्यात्मा हैं पेड़....4

आओ हम भी धर्म निभायें
पेड़ उगायें पेड़ बचायें
आने वाली पीढ़ियों को
समृद्ध और खुशहाल बनायें
न हिन्दू है न मुस्लिम
न सिख न ईसाई
सब धर्म स्थलों ने
पेड़ों से शोभा पाई
ये धर्म के हैं रक्षक
धर्मात्मा हैं पेड़ ....5

गरमाई ठण्डी रातों में
देती बहुत कपास
जीवन में खुशियाँ भरती है
गन्ने की मिठास
बेला और गुलाब चमेली
फूलों की खुशबू क्या कहना
प्रभु चरणों में अर्पित होते
बनते हैं दुल्हन का गहना
हम सबके लिए जैसे
पिता हैं माँ हैं पेड़.....6

छायादार वृक्ष के नीचे
पथिक शरण पाते हैं
गर्मी में व्याकुल पशु पक्षी
हर्षित हो जाते हैं
आँगन में एक पेड़ लगायें
बिटिया का झूला डलवायें
कल को बच्चे ये न पूछें
पापा कहाँ हैं पेड़....7

मिटने न दो धरती की
आत्मा हैं पेड़
साक्षात सांस लेते
परमात्मा हैं पेड़

रचयिता - कुलदीप सिंह इंस्पैक्टर, उत्तर प्रदेश पुलिस, आर. आई. ऑफिस, राजभवन, लखनऊ



# फोटो गैलरी

10 दिसम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री शिव प्रसाद शुक्ला, मा. राज्यपाल हिमाचल प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

12 दिसम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुस्तक 'राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति' भेंट की।

26 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें 'भारत का अमृतकाल' नामक पुस्तक भेंट की।

03 नवम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री ए0के0 शर्मा, मा. मा. ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

04 नवम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री ब्रजेश पाठक, मा. उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

03 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री ब्रजेश पाठक, मा. उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

# फोटो गैलरी

04 नवम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की।

21 नवम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री सुरेश खन्ना, मा. वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

01 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री सुरेश खन्ना, मा. वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

06 नवम्बर, 2024



उत्तर प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्रीमती रजनी तिवारी, मा. राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा ने शिष्टाचार भेंट की।

01 जनवरी, 2025



उत्तर प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्रीमती रजनी तिवारी, मा. राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा ने शिष्टाचार भेंट की।

02 जनवरी, 2025



राज्यपाल जी से राजभवन में श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत एवं श्री आशीष पटेल, मा. प्राविधिक शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

# फोटो गैलरी

23 नवम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री दिनेश प्रताप सिंह, मा. उद्यान मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

17 दिसम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री संजीव कुमार गोंड, मा. राज्यमंत्री समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

03 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री ओम प्रकाश राजभर, मा. पंचायती राज मंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

24 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में श्री दारा सिंह चौहान, मा. मंत्री कारागार, उत्तर प्रदेश ने शिष्टाचार भेंट की।

25 दिसम्बर, 2024



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में विख्यात कवि श्री कुमार विश्वास ने शिष्टाचार भेंट की।

08 जनवरी, 2025



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज, परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश ने शिष्टाचार भेंट की।

# जन ने मन से मनाया गणतंत्र का उत्सव

**राज्यपाल ने ली परेड की सलामी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री व अन्य विशिष्टजन बने समारोह के साक्षी**

जासं • लखनऊ : विधान भवन के शिखर पर लहराता तिरंगा भारतीय गणतंत्र की आन-बान-शान का द्योतक बना रहा तो सेना-पुलिस के वीर जवानों, होमगार्ड्स, एनसीसी व स्कूली बच्चों की परेड ने सशक्त उप्र की झलक दिखाई। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधान भवन के सामने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। झांकियों ने जन-जन को गर्व की अनुभूति कराई। बीच-बीच में हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा कर उत्सव को दोगुना कर दिया गया।

विधान सभा मार्ग पर सुबह से गूंजते तराने हर मन में देश-भक्ति का संचार करते रहे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। कुछ ही देर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का अभिवादन किया। परेड कमांडर मेजर हरदांश गिल के नेतृत्व में परेड शुरू हो गई। सलामी मंच के सामने से भारतीय थल सेना के पहले दस्ते बीएमपी-2 सारथ (टैंक पैदल लड़ाकू विमान) ने प्रस्थान किया। पीछे से आ रहे सेना के रेजिमेंट आफ आर्टिलरी-105 एमएम लाइट (फील्डगन) ने शौर्य का प्रदर्शन किया। तभी अगले दस्ते लाइट स्ट्राइक वोकल पैरा स्पेशल फोर्स ने कदम बढ़ाया। सात कुमाऊं रेजीमेंट, एएमसी सेंटर और कालेज के मिलिट्री बैंड, असम रेजीमेंट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल, यूपी पुलिस के जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन किया। वन विभाग, पीएसी 32वीं वाहिनी और 35वीं वाहिनी, यूपी एटीएस, मध्य प्रदेश पुलिस बल की टुकड़ी। यूपी होमगार्ड्स, प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के साथ ही एनसीसी, असम 11 सिख और 16 राजपूत रेजीमेंट ने भी झांकी दिखाई। विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को प्रदर्शित करती नृत्य प्रस्तुतियां दीं।



गणतंत्र दिवस पर सलामी लेती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य • सूचना विभाग



गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाते जिलाधिकारी विशाख जी.



गर्व का क्षण : रविवार को गणतंत्र दिवस पर विधान भवन के सामने आयोजित परेड में फूल बरसाता हेलीकॉप्टर

### हर घर में होनी चाहिए एक छोटी लाइब्रेरी : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : राजभवन में 76वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजभवन के कार्मिकों और उनके बच्चों ने देश की महान विभूतियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमारा संविधान देश की सबसे बड़ी शक्ति है और इसका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुण्डा, अहिल्याबाई होल्कर, गुरु गोविंद सिंह और अन्य महान विभूतियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें इनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश और समाज के लिए कार्य करना चाहिए। उनसे जुड़ी किताबें हर घर में होनी चाहिए। हर परिवार को अपने घर में एक छोटी सी लाइब्रेरी बनानी चाहिए, जहां ऐसी प्रेरणादायक पुस्तकों का संग्रह हो।

मुख्य मंच का संचालन दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्मप्रकाश मिश्र व सहयोगी मंच का संचालन कमलेश मिश्र ने किया।



विधान भवन के सामने आयोजित परेड में शामिल सेना के टैंक

# प्रदेश के चार खिलाड़ी लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से सम्मानित



लखनऊ। प्रदेश के चार खिलाड़ियों को सर्वोच्च खेल सम्मान लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड बीते रविवार राजभवन में दिए गए। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इन सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार सामान्य वर्ग में मेरठ के रवि सूर्यवंशी को वुशू में और अलीगढ़ की अरीबा खान को शूटिंग में यह सम्मान मिला, जबकि दिव्यांग वर्ग में मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल और गाजियाबाद के प्रदीप कुमार को एथलेटिक्स में दमदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

- पुरस्कारों के लिए चयनित खिलाड़ियों को तीन लाख 11 हजार रुपये के अलावा कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र दिए गए। मौके पर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर एस बोबडे, खेल सचिव सुहास एलवाई, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो

# राजभवन में एलयू के छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



ललित कला संकाय के छात्रों ने राजभवन में डिजाइन कार्यशाला में हिस्सा लिया।

- 57 छात्र-छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लिया
- राज्यपाल ने छात्रों से डिजाइन के बारे में पूछा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए राजभवन में डिजाइन कार्यशाला का आयोजन हुआ। राजभवन के मुख्य प्रांगण में संकाय के 57 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से टेक्सटाइल डिजाइन, फाइन आर्ट्स और व्यापारिक कला के छात्र थे। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ सभी छात्रों के स्टाल पर भ्रमण किया। राज्यपाल ने छात्रों से उनके डिजाइन कान्सेप्ट के बारे में प्रश्न भी किए। कार्यक्रम संयोजक आलोक कुमार ने बताया कि बीते वर्ष भी इसी तरह की एक कार्यशाला राजभवन में हुई थी। ... डॉ. रतन कुमार ने ... काम करना छात्रों के लिए एक न... अनुभव है। पूरे कार्यशाला में प्लान्ट... के सतह को छात्रों ने अप... स्वप्नात्मकता और कल्पनाशीलता... विविध रंगों की छटा बिखेरी।

छात्रों को सहयोग करने के लि... संकाय के प्रशिक्षक सुगन्धा माहेश्व... रितिका बुधराजा, गीतिका शुक्ला ... विपिन वर्मा उपस्थित रहे। तकनी... सहयोग रविकान्त पाण्डेय ... कुलदीप धीमान ने दिया। कार्यशा... पूरी होने पर सभी छात्रों को प्रमाण-... दिया गया।



राजभवन में मंगलवार को असम व नगालैंड राज्य के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन हुआ। इसमें असम और नगालैंड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले जीवंत लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल • सूचना विभाग

## हर बच्चे में होती है विशेष योग्यता : राज्यपाल

अमर उजाला ब्यूरो

**राजभवन में सम्मानित हुए नौनिहाल**



खेल महोत्सव के समापन पर बच्चों को सम्मानित करती राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। -अमर उजाला

# ओमान और मलयेशिया के विश्वविद्यालयों के साथ शोध करेंगे सीएसजेएमयू के छात्र

**वीसी प्रो. विनय पाठक ने दोनों देशों के अफसरों संग एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। विदेश तक शिक्षा की धाक जमा रहे छत्रपति शाहूजी महाराज विवि ने एक और उपलब्धि हासिल की है। विवि के छात्रों को अब ओमान और मलयेशिया के विश्वविद्यालयों में शोध करने का मौका मिलेगा। नए संस्थानों के साथ विवि अपने छात्रों के लिए डिग्री, ज्वाइंट पीएचडी प्रोग्राम के नए अवसर प्रदान करेगा।

गोवा में चल रही क्यूएस इंडिया समिट 2025 में एआईयू अध्यक्ष व सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक के साथ सोहार यूनिवर्सिटी ओमान और मैनेजमेंट और साइंस यूनिवर्सिटी मलयेशिया के अधिकारियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। समिट में कुलपति प्रो. विनय कुमार ... ने कहा कि एमओयू के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम बढ़ेगा।

इसके साथ संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम, संयुक्त पीएचडी पर्यवेक्षण और संयुक्त अकादमिक अंडर एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह समझौता छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उन्हें सांस्कृतिक और अकादमिक अनुभव देगा। साझा शोध और संयुक्त पीएचडी पर्यवेक्षण कार्यक्रमों से छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक स्तर पर अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में योगदान का अवसर मिलेगा।



समिट में एमओयू साइन करने के बाद मौजूद कुलपति व राज्यपाल। स्रोत : कुलपति

# अंगदान के लिए समाज में व्यापक जागरुकता की जरूरत : राज्यपाल

**आलंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्देश्य-पत्र का किया विमोचन**



...वन में आलंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में संदीप कुमार, डा. नारायण प्रसाद, ...जाता देव व अन्य • सूचना विभाग

...ण संवाददाता • लखनऊ: ...दान को लेकर व्यापक स्तर पर ...रुकता बढ़ाने की जरूरत है। ...दान के जरिए किसी को जीवन दे ...ते हैं। मानवता के लिए अंगदान ...से बड़ा धर्म है। एक व्यक्ति चार ...पांच लोगों को जिंदगी दे सकता है। ...लिए लोगों को इसके लिए आगे ...ना चाहिए। ये बातें राज्यपाल ...नंदीबेन पटेल ने कहीं। वह बुधवार ...राजभवन में आलंबन एसोसिएट्स ...रिटेबल ट्रस्ट की उद्देश्य-पत्र का ...मोचन किया।

राज्यपाल ने कहा कि मृत्यु के बाद ...दान कर किसी को रोशनी दे ...कते हैं। ब्रेन डेड के बाद परिवार के ...गों को अंगदान के लिए आगे आना ...होगा। जिम्मेदारी निभानी होगी। अंगदान के क्षेत्र में समाज में जागरूकता फैलाने व कैडेवर आर्गन डोनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। हमारे देश में हर साल लगभग दो लाख मरीज किडनी फेल होने के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। वर्ष 2023 में केवल 11423 रोगियों को ही किडनी प्रत्यारोपण के माध्यम से जीवनदान मिला, लेकिन इनमें 9834 दानकर्ता परिवार के सदस्य थे। इसी तरह हर वर्ष लगभग दो लाख लोग लिवर-फेल्योर से पीड़ित होते हैं, पर प्रत्यारोपण के जरिए सिर्फ साढ़े तीन से चार हजार मरीजों का ही प्रत्यारोपण हो पाता है। दानकर्ताओं में अधिकतर संख्या परिवार के सदस्यों की ही होती है। लगभग यही हाल अन्य अंग-फेलियर के मरीजों का भी है।

संस्थान की सदस्य व केजीएमयू एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डा. सुजाता देव ने कहा कि अंगदान से जुड़ी मुहिम की प्रगति बहुत धीमी है। देश में अंगदान करने वालों की संख्या 2014 में केवल 6916 थी, जो 2022 में बढ़कर 16041 हो पाई है। प्रदेश में अंगदान की यह संख्या और भी ज्यादा चिंताजनक है, जबकि अंग पाने की प्रतीक्षा सूची लंबी है। आलंबन ट्रस्ट के सदस्य इस क्षेत्र कार्य करके लोगों में जागरूकता फैलाने तथा कैडेवर अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। राजभवन के कंसल्टेंट फिजिशियन डा. नरेंद्र देव ने कहा कि अंगदान कर जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी दे सकते हैं।

# 50 मीटर की दौड़ में बच्चों ने दिखाया दमखम

**राजभवन में खेल प्रतियोगिता, जीवन की परेशानियों से भी लड़ने की प्रेरणा देते हैं खेल : राज्यपाल**

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का शुक्रवार को आयोजन हुआ। इसमें बालक-बालिकाओं के लिए 50 मीटर और पुरुष वर्ग के लिए 100 मीटर दौड़ हुई। बच्चों की दौड़ लगाते हुए देखकर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, खेल हमें न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन की परेशानियों और संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा, 2003 में खेलो गुजरात से जो शुरुआत हुई थी, वह आज खेलो उत्तर प्रदेश तक आ पहुंची है।



राजभवन में शुक्रवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को दौड़ते देखकर राज्यपाल चहक पड़ीं। स्रोत : राजभवन

राज्यपाल ने कहा, हर व्यक्ति में एक विशेष गुण होता है, जिसे पहचानकर और मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से हमें जीवन की चुनौतियों से जूझना और संघर्ष करना सीखना चाहिए। खेल भावना को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धा के दौरान एक-दूसरे को प्रेरित करना चाहिए और ईमानदारी व समर्पण के साथ प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर बोबडे उपस्थित रहे।

## दैनिक अमर उजाला – वाराणसी

# संयुक्त दीक्षांत में 3 छात्राओं को स्वर्ण पदक, 160 को उपाधियां

### मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छात्राओं को पदक और उपाधि देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध महारानी गुलाब कुंवरि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिंडरा, महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर और महाराजा बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगापुर का संयुक्त दीक्षांत समारोह बुधवार को हुआ।

तीन मेधावी छात्राओं प्रीति, शिफत परवीन और वैशाली को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए महारानी जयंती कुंवर स्मृति स्वर्ण पदक दिया गया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छात्राओं को पदक और उपाधि देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त दीक्षांत समारोह में तीनों महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तीन छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया गया। साथ ही 160 छात्र/छात्राओं को डिग्री दी गई। महारानी गुलाब कुंवरि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 40 छात्राएं, महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 60, जबकि महाराजा बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगापुर के 60 छात्र/छात्राओं को उपाधि दी गई।



पिंडरा के महारानी गुलाब कुंवरि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दीक्षांत में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी और मेधावी। स्रोत : सूचना विभाग

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा से विद्या और विद्या से उन्नति मानव जीवन का उद्देश्य है। शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। भारत आदर्श महिलाओं का देश है। प्राचीन काल की गार्गी व मैत्रेयी के साथ ही वर्तमान में मंगलयान के सफल उड़ान में भाग लेने वाली भी महिला ही है।

कर्नाटक संस्कृत विवि बेंगलुरू के कुलपति प्रो. एस अहिल्या ने कहा कि मेरिट और टैलेंट के आधार पर सरकारी नौकरी मिल सकती है। जिन लोगों को सरकारी नौकरी न मिले वह अपने कौशल और तकनीक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए व्यवसाय कर सकते हैं।

**लक्ष्य के लिए योजना बनाकर करें काम**

काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी ने छात्राओं को शिक्षा के बाद रोजगार के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाकर आगे काम करने की जरूरत है। स्वागत महाराजा काशीराज धर्मकार्य निधि के अध्यक्ष महाराज (डॉ.) अनंत नारायण सिंह ने किया। संचालन डॉ. राहुल गुप्ता, धन्यवाद प्रो. धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह, डॉ. अभिषेक, विद्यापीठ की कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय मौजूद रहीं।

# स्वस्थ बेटी ही गढ़ेगी बेहतर भविष्य

**बोलीं आनंदीबेन**

...णसी, कार्यालय संवाददाता। ...पाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है ...म बेटियों की ताकत पहचानने में ...रते हैं। उनकी सेहत के बारे में ...चते। अब समय आ गया है कि ...टियों में फर्क मिटाएं। बेटियों को ...द रखने के बारे में परिवार और ...सोचे। अगर बेटी स्वस्थ रहेगी सेहतमंद मां ही बच्चों की बेहतर परवरिश कर सकती है।



**जीवन रक्षा एचपीवी वैक्सीन अभियान का किया शुभारंभ**

राज्यपाल बुधवार दोपहर शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय ... कैंसर जागरूकता शिविर) के शुभारम्भ के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि गरीबों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकारों का काम है। यही विकसित भारत का आधार भी है।

राज्यपाल ने 9 से 14 वर्ष की 10 छात्राओं का टीकाकरण कराया। मंच पर इन्हें प्रमाणपत्र भी दिये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत छह लाभार्थी बच्चों को किट बांटी। गवर्नर ...



राजभवन में मंगलवार को असम व नगालैंड राज्य के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन हुआ। इसमें असम और नगालैंड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ... लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते ... राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ●सूचना विभाग

# हर बच्चे में होती है विशेष योग्यता : राज्यपाल

अमर उजाला ब्यूरो

**राजभवन में सम्मानित हुए नौनिहाल**

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित दो दिवसीय 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' खेल महोत्सव-2024 के समापन पर विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया और कार्यक्रम के सभी सहयोगियों को सम्मानित किया। बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करने वाली 'उम्मीद संस्था' ने कार्यक्रम का आयोजन किया था।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि जो बच्चे कल सड़कों पर भिक्षा मांगते थे और परेशान थे, आज वे खेल रहे हैं, शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। हर बच्चे में विशेष योग्यता होती है, जिसे पहचान कर अध्यापकों को उसी दिशा में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कुछ बच्चे खेलों में उत्कृष्ट होते हैं, तो कुछ शिक्षा में, उनकी रुचि और प्रतिभा के अनुसार उन्हें प्रोत्साहित करना अध्यापकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों का डाटा इकट्ठा किया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि इन बच्चों का स्कूलों में नामांकन हो। साथ ही दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई पूरी होने और किसी भी हालत में ड्रॉपआउट न होने का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खेल महोत्सव के समापन पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि राज्यपाल के आशीर्वाद, प्रेम और उत्साहवर्धन से समाज बच्चों का हाथ थाम रहा है और लोग इन बच्चों को गोद लेकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 2025 की परेड में भी भिक्षावृत्ति से मुक्त ये बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, उम्मीद संस्था की संरक्षिका ऊषा अवस्थी और संरक्षक अरविन्दर सिंह कोहली और अधिकारीगण उपस्थित रहे।



खेल महोत्सव के समापन पर बच्चों को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। -संवाद

...जागरण, लखनऊ : राज्यपाल ...न पटेल ने शनिवार को ... में प्रशिक्षु आइपीएस ...यों से मुलाकात की। वर्ष ... उत्तर प्रदेश कैडर के 20 ...आइपीएस अधिकारियों को ...हित दी कि वे समाज सेवा ...ण अपनाएं। अच्छा कार्य ... केवल छवि अच्छी बनेगी ...ज में सकारात्मक प्रभाव ... पुलिस अधिकारी अपने– ... में महिलाओं की सुरक्षा ... में सुनिश्चित करें। ...ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से उनका परिचय लिया और कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और जनता की समस्याओं ... गंभीरता से सुनें। शिकायतों का त्वरित व पूर्ण समाधान ...



शनिवार को पुलिस झंडा दिवस पर राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करते पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार व अन्य ● सूचना विभाग

● आनंदीबेन पटेल ने प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारियों से की मुलाकात

कभी भी गलत का समर्थन न करें और किसी के दबाव में आकर काम न करें। उन्होंने सुझाव दिया कि पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करें।

वहीं उदाहरण भी दिया कि यदि किसी अधिकारी ने आपदा प्रबंधन का अध्ययन किया है तो उसे उसी क्षेत्र में तैनाती दी जानी ...

## गवर्नर ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन, CM ने दी बधाई



यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को 83 वर्ष की हो गईं। उन्हो... अपना जन्मदिन राजभवन में बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बच्चों को भो... परोसा और उनके साथ खुशियां बांटीं। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## दैनिक अमर उजाला – लखनऊ

# 50 मीटर की दौड़ में बच्चों ने दिखाया दमखम

### राजभवन में खेल प्रतियोगिता, जीवन की परेशानियों से भी लड़ने की प्रेरणा देते हैं खेल : राज्यपाल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का शुक्रवार को आयोजन हुआ। इसमें बालक-बालिकाओं के लिए 50 मीटर और पुरुष वर्ग के लिए 100 मीटर दौड़ हुई। बच्चों को दौड़ लगाते हुए देखकर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, खेल हमें न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन की परेशानियों और संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा, 2003 में खेलो गुजरात से जो शुरुआत हुई थी, वह आज खेलो उत्तर प्रदेश तक आ पहुंची है।



राजभवन में शुक्रवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को दौड़ते देखकर राज्यपाल चहक पड़ीं। स्रोत : राजभवन

राज्यपाल ने कहा, हर व्यक्ति में एक विशेष गुण होता है, जिसे पहचानकर और मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से हमें जीवन की चुनौतियों से जूझना और संघर्ष करना सीखना चाहिए। खेल भावना को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धा के दौरान एक-दूसरे को प्रेरित करना चाहिए और ईमानदारी व समर्पण के साथ प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर बोबडे उपस्थित रहे।

# खेलों में दिखाया दम, जीते पदक



राजभवन में आयोजित खेल महोत्सव में विजेता खिलाड़ी पुरस्कारों के साथ। स्रोत : राजभवन

संवाद न्यूज एजेंसी

## भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों के लिए राजभवन में हुआ अनूठा आयोजन

लखनऊ। भिक्षावृत्ति छोड़ चुके लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या और कुशीनगर के बच्चों के लिए राजभवन में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उम्मीद संस्था के 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' अभियान के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता में पहले दिन लखनऊ के 455, अयोध्या के 80 और कुशीनगर के 18 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

इस आयोजन के दौरान चम्मच रेस, बोरा रेस, 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, खो-खो, बलून रेस, कोन रेस, कबडडी

कहा कि भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि लखनऊ शहर में 256 भिक्षावृत्ति से मुक्त हुए बच्चों मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया है।

इसमें प्रतिमाह 2,500 रूपये उनके खाते में दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय

## दैनिक अमर उजाला – लखनऊ

# प्रदेश के चार खिलाड़ी लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से सम्मानित



लखनऊ। प्रदेश के चार खिलाड़ियों को सर्वोच्च खेल सम्मान लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड बीते रविवार राजभवन में दिए गए। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इन सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ...ल विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार सामान्य वर्ग में मेरठ के रवि ...र्वंशी को वुशू में और अलीगढ़ की अरीबा खान को शूटिंग में यह सम्मान ...ना, जबकि दिव्यांग वर्ग में मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल और गाजियाबाद के ...प कुमार को एथलेटिक्स में दमदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

पुरस्कारों के लिए चयनित खिलाड़ियों को

...ा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

...खनऊ दिनांक 16 NOV 2024

# 'जब बड़े लोग छोटों की अंगुली पकड़ेंगे तभी होगा देश का विकास'



### काष्ठ कला और धातु की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने जन्मदिन पर स्वयं बच्चों को खाना परोसा।

# राज्यपाल ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया। राज्यपाल ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ खुशियां बांटी। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान से बढ़कर कोई उपहार नहीं है और उनके साथ समय बिताना एक विशेष अनुभव है। यह आयोजन राज्यपाल के सादगी और सेवा भाव का प्रतीक बनकर सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

## दैनिक जागरण – लखनऊ

# अंगदान के लिए समाज में व्यापक जागरुकता की जरूरत : राज्यपाल

...लंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्देश्य-पत्र का किया विमोचन



राजभवन में आलंबन संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में संदीप कुमार, डा. नारायण प्रसाद, डा. सुजाता देव व अन्य • सूचना विभाग

जागरण संवाददाता • लखनऊ: अंगदान को लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। अंगदान के जरिए किसी को जीवन दे सकते हैं। मानवता के लिए अंगदान सबसे बड़ा धर्म है। एक व्यक्ति चार से पांच लोगों को जिंदगी दे सकता है। इसलिए लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए। ये बातें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही। वह बुधवार को राजभवन में आलंबन एसोसिएट्स चैरिटेबल ट्रस्ट की उद्देश्य-पत्र का विमोचन किया।

राज्यपाल ने कहा कि मृत्यु के बाद नेत्र दान कर किसी को रोशनी दे सकते हैं। ब्रेन डेड के बाद परिवार के लोगों को अंगदान के लिए आगे आना पड़ेगा। जिम्मेदारी निभानी होगी। अंगदान के क्षेत्र में समाज में जागरूकता फैलाने व कैडेवर आर्गन डोनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। हमारे देश में हर साल लगभग दो लाख मरीज किडनी फेल होने के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। वर्ष 2023 में केवल 11423 रोगियों को ही किडनी प्रत्यारोपण के माध्यम से जीवनदान मिला, लेकिन इनमें 9834 दानकर्ता परिवार के सदस्य थे। इसी तरह हर वर्ष लगभग दो लाख लोग लिवर-फेल्योर से पीड़ित होते हैं, पर प्रत्यारोपण के जरिए सिर्फ साढ़े तीन से चार हजार मरीजों का ही प्रत्यारोपण हो पाता है। दानकर्ताओं में अधिकतर संख्या परिवार के सदस्यों की ही होती है। लगभग यही हाल अन्य अंग-फेलियर के मरीजों का भी है।

संस्थान की सदस्य व केजीएमयू एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डा. सुजाता देव ने कहा कि अंगदान से जुड़ी मुहिम की प्रगति बहुत धीमी है। देश में अंगदान करने वालों की संख्या 2014 में केवल 6916 थी, जो 2022 में बढ़कर 16041 हो पाई है। प्रदेश में अंगदान की यह संख्या और भी ज्यादा चिंताजनक है, जबकि अंग पाने की प्रतीक्षा सूची लंबी है। आलंबन ट्रस्ट के सदस्य इस क्षेत्र कार्य करके लोगों में जागरूकता फैलाने तथा कैडेवर अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। राजभवन के कंसल्टेंट फिजिशियन डा. नरेंद्र देव ने कहा कि अंगदान कर जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी दे सकते हैं।

## दैनिक अमर उजाला – कानपुर

# ओमान और मलयेशिया के विश्वविद्यालयों के साथ शोध करेंगे सीएसजेएमयू के छात्र

**वीसी प्रो. विनय पाठक ने दोनों देशों के अफसरों संग एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। विदेश तक शिक्षा की धाक जमा रहे छत्रपति शाहूजी महाराज विवि ने एक और उपलब्धि हासिल की है। विवि के छात्रों को अब ओमान और मलयेशिया के विश्वविद्यालयों में शोध करने का मौका मिलेगा। नए संस्थानों के साथ विवि अपने छात्रों के लिए डिग्री, ज्वाइंट पीएचडी प्रोग्राम के नए अवसर प्रदान करेगा।

गोवा में चल रही क्युएस इंडिया समिट



# जन ने मन से मनाया गणतंत्र का उत्सव

**राज्यपाल ने ली परेड की सलामी** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री व अन्य विशिष्टजन बने समारोह के साक्षी

जासं • लखनऊ : विधान भवन के शिखर पर लहराता तिरंगा भारतीय गणतंत्र की आन-बान-शान का द्योतक बना रहा तो सेना-पुलिस के वीर जवानों, होमगार्ड्स, एनसीसी व स्कूली बच्चों की परेड ने सशक्त उप्र की झलक दिखाई। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधान भवन के सामने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। झांकियों ने जन-जन को गर्व की अनुभूति कराई। बीच-बीच में हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा कर उल्लास को दोगुना कर दिया गया।

विधान सभा मार्ग पर सुबह से गूंजते तराने हर मन में देश-भक्ति का संचार करते रहे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। कुछ ही देर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का अभिवादन किया। परेड कमांडर मेजर हरगोश गिल के नेतृत्व में परेड शुरू हो गई। सलामी मंच के सामने से भारतीय थल सेना के पहले दस्ते बीएमपी-2 सारथ (टैंक पैदल लड़ाकू विमान) ने प्रस्थान किया। पीछे से आ रहे सेना के रेजिमेंट आफ आर्टिलरी-105 एमएम लाइट (... ) ने शौर्य ... अगले दस्ते ... पैरा स्पेशल ... स्वत कुमायूं ... और कालेज ... रेजीमेंट ... बल, ... बल, यूपी ... प्रदर्शन ... 32वीं ... यूपी ... की ... रक्षक ... रैली, ...

रेजीमेंट ने भी जांबाजी दिखाई। विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को ...

मुख्य मंच का संचालन दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्मप्रकाश मिश्र व सहयोगी मंच का संचालन कमलेश ...



गणतंत्र दिवस पर सलामी लेतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य • सूचना विभाग



गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाते जिलाधिकारी विशाख जी.



गर्व का क्षण : रविवार को गणतंत्र दिवस पर विधान भवन के सामने आयोजित परेड में फूल बरसाता हेलीकाप्टर • सूचना विभाग



### हर घर में होनी चाहिए एक छोटी लाइब्रेरी : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : राजभवन में 76वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजभवन के कार्मिकों और उनके बच्चों ने देश की महान विभूतियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमारा संविधान देश की सबसे बड़ी शक्ति है और इसका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुण्डा, अहिल्याबाई होल्कर, गुरु गोविंद सिंह और अन्य महान विभूतियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें इनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश और समाज के लिए कार्य करना चाहिए। उनसे जुड़ी किताबें हर घर में होनी चाहिए। हर परिवार को अपने घर में एक छोटी सी लाइब्रेरी बनानी चाहिए, जहां ऐसी प्रेरणादायक पुस्तकों का संग्रह हो।

## दैनिक हिन्दुस्तान – लखनऊ

**यह उपलब्धि हासिल करने वाला पीजीआई प्रदेश का पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान बना**

# पीजीआई को नए साल पर नैक में मिला ए++ ग्रेड

उपलब्धि

3.66 सीजीपीए पहले प्रयास में हासिल हुआ | 26 हजार पेपर्स के दस्तावेज देकर किया नैक के लिए | 14 दिसंबर 1980 को रखी गई थी पीजीआई की नींव

### एक साल में 1.16 लाख मरीज ओपीडी में देखे गए

48 हजार मरीजों ... एक वर्ष में ... किया संस्थान

कोविड में हालात



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए++ ग्रेड पाने वाले पीजीआई की राजभवन में बधाई दी।

सबसे बड़ी चुनौती परा डेटा इकट्ठा

सात मानदंडों में ये रहे प्रमुख

## दैनिक हिन्दुस्तान – लखनऊ

सलाह | राज्यपाल से 116 नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों ने की मुलाकात, राज्यपाल ने न्यायाधीशों के प्रशिक्षण अनुभवों को जाना

# न्यायाधीश गांवों में समस्याएं सुनें और समाधान दें : राज्यपाल



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में 2022 बैच के 116 नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों और अधिकारियों से मुलाकात की।

## दैनिक हिन्दुस्तान – लखनऊ

# विश्वविद्यालय आपस में अपने काम साझा करें : राज्यपाल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य विश्वविद्यालयों की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क मूल्यांकनों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए बैठक हुई।

राज्यपाल ने एनआईआरएफ के सभी पांचों क्राइटेरिया पर समीक्षात्मक चर्चा की और विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता और अकादमिक श्रेष्ठता के लिए किए गए अपने कार्यों को आपस में साझा करें। शोध वृत्तियों को साझा करने पर विशेष जोर दिया।

### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के निर्देश

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखकर शैक्षिक गुणवत्ता प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब विश्वविद्यालयों से पढ़े विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विदेशों में सम्मानित होंगे तब उनके साथ शिक्षा संस्थान का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रसिद्धी प्राप्त करेगा।

## दैनिक अमर उजाला – प्रयागराज

# राजभवन की प्रतियोगिता में आफरीन खान प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने राजभवन में आयोजित प्रतियोगिताओं में 21 और 22 जनवरी 2025 को हिस्सा लिया। इसमें इससे पहले 14 से 30 नवंबर 2024 के मध्य आयोजित प्रतियोगिताओं के चार विजयी छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिताओं में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की छात्रा आफरीन खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने आफरीन खान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, यह प्रतियोगिता सभी छात्रों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, प्रो. आशुतोष सिंह, प्रो. विवेक सिंह व कुलानुशासक प्रो. राजकुमार गुप्ता आदि रहे।

### कविता पाठ प्रतियोगिता में खुशी प्रथम

प्रयागराज। उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कविता पाठ का मूल्यांकन डायट प्रवक्ताओं के तीन सदस्यों डॉ. प्रसून कुमार सिंह, डॉ. अमित सिंह और शशांक ने किया। प्रतियोगिता में जसरा के संविलियन विद्यालय बैजला की खुशी प्रथम, फूलपुर के संविलियन विद्यालय तारडीह की मानसी द्वितीय और संविलियन विद्यालय मरखामऊ की वंशिका पांडेय तीसरे स्थान पर रहीं। संवाद

















राजभवन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता




**राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ**

मुद्रक: प्रकाश पैकेजर्स, लखनऊ